Seventeenth Loksabha

an>

Title: The Speaker made an announcement regarding Digital Sansad App.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, पिछले सत्र में माननीय सांसदों की सुविधा के लिए एक मोबाइल एप्प का आरम्भ किया गया था । इस एप्प में माननीय सांसदगण लोक सभा की कार्यवाही से संबंधित कागज जैसे लिस्ट ऑफ बिजनेस, लोक सभा समाचार पार्ट-I, **पार्ट**-II, पूछे गए प्रश्न एवं उनके उत्तर, विधेयकों द्वारा प्रतिवेदनों संबंधी जानकारी तथा संसद टीवी का सीधा प्रसारण देखने की सुविधा 'वन टच' पर उपलब्ध थी । अब इस एप्प का नया वर्जन 'डिजिटल संसद' आरंभ किया गया है, जिसमें कुछ अतिरिक्त सुविधाएँ प्रदान की गई हैं । इसमें अब 90 समाचार पत्र और पत्रिकाएँ, 12वीं लोक सभा से 17**वीं** लोक सभा की डिबेट, बजट भाषण, माननीय सदस्यों की सदन में भागीदारी का विवरण, लाइव प्रश्न बैलट, संसद टीवी पर दोनों सदनों की कार्यवाही का प्रसारण, पुराने संसद भवन और नए संसद भवन का वर्चुअल टूर तथा लोक सभा के बारे में बहुत सारी जानकारी उपलब्ध रहेगी । इस एप्प के माध्यम से आप सभी सदस्यों को संसदीय कार्यों के निष्पादन में बहुत सुविधा होगी तथा आप अपने को हर वक्त अपडेट रख सकते हैं । इस एप्प का उपयोग शिक्षाविद्, पत्रकार, शोधार्थी, विद्यार्थी और देश की सभी आम जनता भी इसका लाभ उठा सकती है ।

मेरा आपसे अनुरोध है कि इस मोबाइल एप्प का प्रयोग करें । इस वर्जन में जो परिवर्तन चाहिए, जो सुझाव हों, आप उन सुझावों को दें ताकि हम देश में दुनिया की सबसे बेहतर डिजिटल संसद बना सकें । इससे सभी माननीय सदस्यों को भी लाभ होगा और देश की जनता को भी लोक सभा की कार्यवाही के बारे में उपयुक्त जानकारी मिल पाएगी ।

मेरा आपसे अनुरोध है कि आप इस मोबाइल एप्प का प्रयोग करें, इसको लोकप्रिय बनाएं और अपने क्षेत्र की जनता को भी बताएं । जब कभी आप संसद में बोलें और आपका समय निश्चित हो, तब आपकी जनता भी उस मोबाइल एप्प के माध्यम से आपको देख सकेगी । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : सभा की कार्यवाही मंगलवार, 01 फरवरी, 2022 को प्रातः 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है ।

12.48 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Tuesday, Februrary 1, 2022/Magha 12, 1943(saka)

-

-

INTERNET

The Original Version of Lok Sabha proceedings is available on Parliament of India Website and Lok Sabha Website at the following addresses:

http://www.parliamentofindia.nic.in

http://www.loksabha.nic.in

LIVE TELECAST OF PROCEEDINGS OF LOK SABHA

Lok Sabha proceedings are being telecasted live on Sansad T.V. Channel. Live telecast begins at 11 A.M. everyday the Lok Sabha sits, till the adjournment of the House.

Published under Rules 379 and 382 of the Rules of Procedure and Conduct of Business

in Lok Sabha (Sixteenth Edition)

* His Excellency Shri Ram Nath Kovind, President of India, delivered the Address in Central Hall in Hindi, English Text of the Address was read by His Excellency, Shri Venkaiah Naidu, Vice President of India.